मेरे अंगना में आना मैया झूम झूम के

मेरे अंगना में आना मैया झूम झूम के
झूम झूम के मैया नाच नाच के
मेरे अंगना में आना मैया झूम झूम के

माथे के सिंगार मैया बिंदिया से होगा
बिंदिया से होगा मैया टीका से होगा
सिंदुरा लगाना मैया झूम झूम के
मेरे अंगना में आना मैया झूम झूम के

हाथों का सिंगार मैया कंगना से होगा
कंगना से होगा मैया चूड़ियों से होगा
मेहंदी लगाना मैया झूम झूम के
मेरे अंगना में आना मैया झूम झूम के

पैरों का सिंगार मैया पायल से होगा
पायल से होगा मैया बिछवा से होगा
महावर लगाना मैया झूम झूम के
मेरे अंगना में आना मैया झूम झूम के

अँगो का सिंगार मैया साड़ी से होगा
साड़ी से होगा मैया लहंगा से होगा
चूनर पहनना मैया झूम झूम के
मेरे अंगना में आना मैया झूम झूम के

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13699/title/mere-angna-me-aana-maiya-jhum-jhum-ke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |